# वाहन से 500 बॉक्स अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

हिसार, 18 अप्रैल (विरेन्द्र वर्मा): पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, आईपीएस के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के मध्यनजर अवैध शराब बेचने वालो पर कार्रवाई करते हुए थाना आदमपुर पुलिस ने गांव सदलपुर से एक टाटा गाड़ी में 500 बॉक्स अवैध शराब बरामद कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य सिपाही मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव सदलपुर बस स्टैंड पर मौजूद थी कि सदलपुर शराब के ठेका के पास एक अवैध शराब से भरी हुई गाड़ी खड़ी होने के बारे में सूचना मिली। सूचना विश्वसनीय होने पर पुलिस टीम बिना किसी देरी के बताए गए स्थान पर पहुंची तो वहा शराब के ठेका की दीवार के पास तरपाल से ढकी एक गाड़ी खड़ी मिली। गाड़ी के पास दो व्यक्ति मिले, जिनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम सदलपुर निवासी रोहताश उर्फ लीलु और बलवंत सिंह बताया। पुलिस टीम द्वारा गाड़ी के ऊपर तरपाल ढकने का कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि इसमें शराब है। शराब के परमिट बारे पूछने पर उन्होंने एक फोटो कॉपी दिखाई जिसमें परमिट मोडाखेड़ा हिसार के नाम से कटा हुआ था। जिसमें सदलपुर का कही कोई नाम नहीं था। नियमानुसार गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी से 500 बॉक्स अवैध शराब बरामद हुई। जिनमे 370 बॉक्स में बोतल (4440), 65 बॉक्स में अद्धे (1560) और 65 बॉक्स में पव्वे (3250) बरामद हुए। बरामद अवैध शराब और गाड़ी को कब्जा पुलिस लेकर उपरोक्त रोहतास और बलवंत के खिलाफ थाना आदमपुर में आबकारी अधिनियम संशोधन के तहत अभियोग अंकित कर उक्त दोनो को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस द्वारा अवैध शराब के बारे की गई प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि रोहतास उर्फ लीलू और बलवंत ठेका पर मुनीम का काम करता है। बरामद शराब के बारे पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि ये शराब दड़ौली निवासी सुरेंद्र ठेकेदार की है। आरोपियों को पूछताछ उपरांत पेश अदालत कर जेल भेज दिया गया है अभियोग में आगामी जांच जारी है।

# पाबड़ा में चल रहे नशा मुक्ति कैम्प में डीएसपी ने किया दौरा

## आज नशा मुक्ति कैम्प के चौथे दिन 12 ड्रग पीड़ितों ने लिया उपचार

हिसार, 18 अप्रैल (विरेन्द्र वर्मा): डॉ एम. रवि किरण, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिसार मंडल हिसार के मार्गदर्शन में गांव पाबड़ा में लगाए गया नशा मुक्ति कैंप चौथे दिन भी जारी रहा। आज नशा मुक्ति शिविर में उप पुलिस अधीक्षक, बरवाला, गौरव शर्मा व एडीजीपी कार्यालय के प्रवक्ता सज्जन कुमार ने दौरा किया। उन्होंने नशा पीड़ितों का हाल-चाल जाना व उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर डीएसपी ने कहा कि नशे की लत से बाहर आने के लिए इच्छा शक्ति बहुत जरूरी है इच्छाशक्ति के बल पर युवा बिना दवा भी नशे की लत से बाहर आ सकते हैं।

एडीजीपी कार्यालय के प्रवक्ता व अभियान के नोडल अधिकारी ने नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए किए जाने वाले उपायों बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि बच्चों का सही मार्गदर्शन व नशे के बारे मे युवाओं का स्पष्ट विजन बहुत जरूरी है। उन्होंने अनेक उदाहरणों के माध्यम से नशे से बचाव के कारगर



ड्रग पीड़ित युवाओं व ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए मंडल के ड्रग मुक्ति अभियान के नोडल अधिकारी सज्जन कुमार।

उपाय भी लोगों को बताए। आज कैंप में 12 ड्रग पीडित युवाओं ने अपना युवाओं में से करीब 15 युवा ऐसे हैं जो नशे के लिए इंजेक्शन का इस्तेमाल

### नशा मुक्ति शिविर में अब तक 30 युवा नशा छोड़ने के लिए आगे आए व अपना उपचार लिया

रजिस्ट्रेशन करवाया और डॉक्टर से काउंसलिंग करवाई व अपना उपचार लिया। अब तक 30 ड्रग पीड़ित युवा नशा छोड़ने के लिए इस नशा मुक्ति कैंप की सेवाएं ले चुके है। इन ड्रग पीड़ित करते थे। इस अवसर पर मौजूद सभी को एचआईवी के रोग बारे भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर गांव के सरपंच व सेवानिवृत्ति प्राचार्य दर्शन सिंह ने कहा एडीजीपी हिसार मंडल व पुलिस अधीक्षक हिसार के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग का यह अभियान बहुत सराहनीय है। इससे युवाओं व हमारे गांव को बहुत फायदा होगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों का इस अभियान के लिए व पाबड़ा गांव का चयन करने के लिए आभार व्यक्त किया।

नशा मुक्ति टीम प्रभारी उप निरीक्षक हवा सिंह ने बताया कि गांव में डोर टू डोर सर्वे का काम भी जारी है, 40 बच्चों के नाम सामने आ चुके हैं जिनमें से 30 युवाओं को दवा दिलवा दी गई है। अभी कुछ और भी बच्चे सामने आने की संभावना है। उन्होंने बतलाया कि एडीजीपी सर के मार्गदर्शन में 22 तारीख तक शिविर जारी रहेगा जरूरत पड़ी तो शिविर की समय अवधि बढ़ाई जा सकती है। इस अवसर पर आयुष डॉक्टर अनिल, डॉक्टर कुलदीप व होम्योपैथी डॉक्टर सुमन, सहायक उप निरीक्षक सुमन रानी, मुख्य सिपाही विजय कुमार सहित गांव के मौजूद व्यक्ति व नशे की लत बाहर आने वाले युवा उपस्थित रहे।



अनाज मंडी का जायज़ा लेते हुए एसडीएम वीरेंद्र सिंह। (छाया : असीजा)

# एस.डी.एम ने किया अनाज मंडी का दौरा, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

सिवानी मण्डी, 18 अप्रैल (असीजा): एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने अनाज मंडी का दौरा कर सरसों खरीद कार्य का जायजा लिया तथा खरीद अधिकारीयों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने टांसपोर्ट से उठान तेजी लाने के आदेश दिए। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने गुरुवार को अनाजमंडी में पहुंच कर किसानों व आढ़तियों से बातचीत की। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने कहा कि जिला उपायुक्त के दिशा निर्देश पर खरीद कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। प्रत्येक आढ़ती किसानों को जागरूक कर सूखा अनाज ही मंगवाएं ताकि खरीद व उठान जल्द हो सके। एसडीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारी तिरपाल, बारदाना सहित सभी आवश्यक सामग्री रखना सुनिश्चित करें। मार्किट कमेटी सचिव को निर्देश दिए कि मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। मंडी में बिजली-पानी शौचालय व टोकन की उचित व्यवस्था करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी में किसानों को अनाज बेचने में किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने टांसपोर्टर से बात कर उठान तेजी लाने के निर्देश दिए।

# सेंट जोसेफ इंटरनैशनल स्कूल की छात्रा केजिया सिमलाई शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के ट्विटर हैंडल पर छाई




शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के ट्विटर हैंडल पर सेंट जोसेफ स्कूल की छात्रा केजिया सिमलाई।

टोहाना, 18 अप्रैल (गुरपाल सिंह नैन): गुजरात के वडनगर में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय प्रेरणा उत्सव कैंप में सेंट जोसेफ इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा केजिया शिफा सिमलाई ने प्रेरणा उत्सव कैंप में दक्षिण भारतीय व्यंजन बनाने में महारत हासिल कर एक नए आयाम को छुआ है और जिला फतेहाबाद के लिए गर्व की बात है कि शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने अपने ट्विटर हैंडल पर छात्रा केजिया शिफा सिमलाई का व्यंजन बनाने का वीडियो शेयर किया है जिसे पूरा विश्व देख रहा है। सेंट जोसेफ की इस होनहार छात्रा की संयुक्त सचिव शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह छात्रा एक दिन देश का नाम जरूर रोशन करेगी।

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के ट्विटर हैंडल पर यह वीडियो देख कर सेंट जोसेफ इंटरनेशनल स्कूल के अध्यापक, छात्र, उपप्राचार्या एवं प्राचार्या खुशी का अनुभव कर रहें है तथा चारो ओर से दूरभाष के माध्यम से बधाई संदेशों का सिलसिला आरम्भ हो गया है। इस दौरान प्राचार्य मारियालीन लुईस ने कहा कि छात्रा केजिया सिमलाई का शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के ट्विटर हैंडल पर वीडियो अपलोड होना हम सब के लिए गर्व की बात है और मैं आशा करती हूं कि इसी तरह स्कूल के अन्य विद्यार्थी भी नई उचाईयों को हासिल कर स्कूल, क्षेत्र एवं अभिभावकों का नाम रोशन करेंगे।

# लोकतंत्र की स्थिरता के लिए मतदान आवश्यक : डॉ. ढींडसा

सिरसा, 18 अप्रैल (संजय कुमार/भुपिंद्र पन्नीवालिया): जिला में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी कार्यक्रम जारी है और इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय में स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश ने की। जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने विद्यार्थियों को अपने संदेश में कहा कि मतदान लोकतंत्र की प्रमुख आधारशिला होता है। यह एक तरह का शक्तिशाली और सामाजिक संवैधानिक उपाय है जो समाज को सहमति से और न्यायपूर्वक चलाने का एक माध्यम प्रदान करता है। मतदान के माध्यम से लोग अपनी पसंद के अनुसार नेताओं को चुन सकते हैं और सार्वजनिक नीतियों में सक्रिय भागीदारी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान लोगों को नेताओं का चयन करने और निर्दिष्ट नीतियों को स्वीकार करने का अधिकार प्रदान करता है। इसके माध्यम से समाज के अधिकारों की संरक्षा होती है और लोगों को सरकारी निर्णयों में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिलता है। प्राचार्य डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि लोकतंत्र एक समाज में सामाजिक समरसता, स्वतंत्रता और न्याय की मूलभूत आधारशिला होता है। इसका महत्व वहां निहित है जहां लोगों को स्वतंत्रता का अधिकार होता है और वे समाज में अपने अधिकारों के प्रति सक्रिय भागीदारी कर सकते हैं। इस अवसर पर स्वीप मास्टर ट्रेनिंग नरेश कुमार ग्रोवर ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र के महत्व, नागरिकों के मौलिक अधिकार, वोटर कार्ड बनाने की प्रक्रिया एवं वोटर कार्ड संबंधी एप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे घरों में जाकर अपने अभिभावकों व पड़ोसियों को आगामी 25 मई को घरों से निकाल कर मतदान केंद्रों पर जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित करें।

# लोकसभा आम चुनाव के लिए पीठासीन तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों की हुई प्रथम रेंडमाइजेशन

हिसार, 18 अप्रैल (विरेन्द्र वर्मा): उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस सभागार में लोकसभा आम चुनाव के लिए पीठासीन तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया एनआईसी द्वारा बनाए गए सॉफ्टवेयर के माध्यम से की गई है। इसमें 1574 पीठासीन तथा 1576 सहायक पीठासीन अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित गई है। इन अधिकारियों को जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार सॉफ्टवेयर के माध्यम से पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाई जाती है। इस दौरान कम्प्यूटर अपने आप ड्यूटी तय करता है इसमें कोई मानवीय दखल नहीं होता। इसके उपरांत द्वितीय तथा तृतीय रेंडमाइजेशन आयोजित की जाएंगी। इस अवसर नगराधीश हन्नी बंसल, चुनाव तहसीलदार जगदीप, जिला सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी अखिलेश सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।



बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए उपायुक्त व ज़िला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया।

# संतोष बैनीवाल ने चुनाव कार्यालय का रिबन काटकर किया उद्घाटन

ऐलनाबाद, 18 अप्रैल (नरेश सरदाना): ऐलनाबाद में कांग्रेस पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सरपंच एसोसिएशन हरियाणा की प्रदेश उपाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री संतोष बैनीवाल ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर उनके साथ ऐलनाबाद नगर परिषद के चेयरमैन रामसिंह सोलंकी भी मौजूद थे। कार्यालय के उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए संतोष बैनीवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं। आगामी एक-दो दिनों में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा का ऐलनाबाद में पूरी तैयारियों से स्वागत करेंगे।

उनके स्वागत के लिए ऐलनाबाद हलका पूरी तरह तैयार है। सैलजा के चुनाव लड़ने के सवाल पर बैनीवाल ने कहा कि उन्होंने सिरसा में कांफ्रेंस में कहा था कि पार्टी हाईकमान का निर्णय सर्वोपरि है, मैं आपके साथ हूं और आगे भी रहूंगी। उन्होंने कहा कि



सरपंच एसोसिएशन हरियाणा की प्रदेश उपाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री संतोष बैनीवाल रिबन काटकर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए।

ये चुनाव भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए लड़ा जाएगा। इस तानाशाही सरकार ने आमजन को प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बैनीवाल ने कहा कि जिस प्रकार सभी जगहों पर उम्मीदवारों का विरोध हो रहा है, वो बीजेपी का विरोध हो रहा है, जिससे कांग्रेस को फायदा होगा। भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर पर तंज कसते हुए बैनीवाल ने कहा कि जिस व्यक्ति का खुद का कोई वजूद नहीं है, वो आम जनता की आवाज को कैसे बुलंद करेगा। ये दल-बदलू नेता हैं, जिनकी असलियत देश व प्रदेश की जागरूक जनता जान चुकी है। 400 पार का नारे के सवाल के जवाब में बैनीवाल ने कहा कि कहीं ये नारा महंगाई के हिसाब से तो नहीं दे रहे। क्योंकि महंगाई इतनी बढ़ गई है कि आम व्यक्ति के लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ करना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा देने से कुछ नहीं होता, जनता की भावना से ही सबकुछ होगा। अपने हक के लिए जनता जवाब मांगेगी, फिर चाहे वो बीजेपी हो या अन्य कोई दल। बैनीवाल ने कहा कि इस बार अकेले ऐलनाबाद हलके में ही नहीं, सिरसा जिले में भी निर्णायक परिवर्तन होगा। इस मौके पर चेयरमैन रामसिंह सोलंकी ने कहा कि ऐलनाबाद का एक-एक वोट कांग्रेस के साथ है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के समय जो भाव पैदा हुआ था, वही भाव दोबारा से बनाया जाएगा और निश्चित रूप से कांग्रेस की ही जीत होगी। इस मौके पर संदीप नेहरा, करनैल सिंह, सतपाल मेहता, लादूराम पूनियां, पीसीसी डैलिगेट राजेश चाडीवाल, पीसीसी डैलिगेट रतन गेदर, अजीत खालसा, मलकीत सिंह रंधावा, कुनाल खोड, गुरमेल सिंह पूर्व चेयरमैन, हनुमान दास पटीर, रामप्रताप पूर्व जिला पार्षद, सरपंच मांगेराम, सरपंच दयासिंह थेहड़, सुभाष कासनियां, मलूक सरपंच, महाबीर सरपंच धोलपालिया, लखविंद्र सिंह खुगांडा, रघुवीर सरपंच गुसाईआना, सरपंच मेहनाखेड़ा नक्षत्र, गुरमीत सिंह, राधेश्याम एमसी, रोहताश, सतपाल, प्रदीप कागदाना, हरीसन विलियम, नरेश सिला, सुरजीत राहड़, ब्लॉक समिति सदस्य, रामप्रताप पूर्व सरपंच, नौरंग भांभू सहित अन्य कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर ने ऐलनाबाद में की कार्यकर्ताओं से मुलाकात

ऐलनाबाद, 18 अप्रैल (नरेश सरदाना): सिरसा के पूर्व सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर आज ऐलनाबाद शहर के दौरे पर निकले। उनके साथ पार्टी जिलाध्यक्ष निताशा राकेश सिहाग, विधानसभा संयोजक अमीरचंद मेहता, जिला उपाध्यक्ष नरेश कटारिया, सह जिला मीडिया प्रभारी सुभाष चौहान, जिला सचिव प्रताप सोलंकी, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नत्थूराम वर्मा, मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल तलवाडिया, महामंत्री राजीव वधवा व दिनेश गोदारा, रमेश भादू, भूराराम डूडी सहित अन्य कई पदाधिकारी भी मौजूद थे। शहर में जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। डॉ. अशोक तंवर ने सुबह सबसे पहले बाईपास रोड पर स्थित दी भाईचारा लक्कड़ मंडी एसोसिएशन के कार्यक्रम में भाग लिया, जहां लक्कड़ मंडी एसोसिएशन की ओर से उनका स्वागत किया गया। उसके बाद तंवर का काफिला गांव मिठी सुरेरां में पहुंचा जहां उन्होंने हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री तथा ऐलनाबाद से पांच बार



ऐलनाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए डॉ. अशोक तंवर व अन्य।

विधायक रहे स्व. चौ. भागीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। वे चौक, मीना बाजार, देवीलाल चौक, हनुमानगढ़ रोड, वार्ड नंबर-9, वार्ड नंबर-10, मुख्य बाजार में आयोजित कार्यक्रमों

### तंवर का जगह-जगह हुआ स्वागत, लोगों ने भारी बहुमत से जिताने का दिलाया आश्वासन

गांव किशनपुरा ढाणी में पहुंचे जहां उन्होंने नरेंद्र भादू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल तलवाडिया के आवास पर दोपहर का भोजन ग्रहण किया। बाद में वे पालिका बाजार, गांधी में भाग लिया, जहां लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वे शहर के वार्ड नंबर-10 में केशव बंसल की निधन पर शोक व्यक्त करने उनके आवास पर पहुंचे। देर शाम वे शहर में आयोजित दो विवाह समारोह में भी शामिल हुए जहां उन्होंने वधु को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। डॉ. अशोक तंवर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की 10 वर्ष पुरानी सरकार ने ऐसे-ऐसे असंभव कार्य करके दिखाए हैं जिनको करवाने की कोई सोच भी नहीं सकता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश इस दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने और 2047 तक हमारा भारत विकसित देश बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा आप सब के बीच रहकर यहां के लोगों की आवाज संसद में उठाएंगे और लोगों की समस्याओं का हल करवाएंगे। इस दौरे के दैरान कप्तान मीनू बेनीवाल व जिला अध्यक्ष निताशा राकेश सिहाग ने लोगों से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करके उन्हें भारी बहुमत से जिताने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने की अपील की। लोगों ने भी उन्हें इस बार भारी बहुमत से जिताकर लोकसभा में भेजने का भरोसा दिलाया।

### पत्नी व उसकी सहेली को ट्रक से कुचलकर हत्या का मामला

# मुख्य आरोपी सहित चार लोग गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त ट्रक भी बरामद

सिरसा, 18 अप्रैल (संजय कुमार/भुपिंद्र पन्नीवालिया): अपनी पत्नी तथा उसकी सहेली को बीती 13 अप्रैल की अलसुबह ट्रक के नीचे कुचलकर उनकी हत्या करने के मामले में शहर थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी गुरजीत सिंह पुत्र वकील सिंह निवासी नोहर राजस्थान हाल गली नंबर-11 प्रीत नगर सिरसा तथा उसके तीन अन्य साथियों गुरजंट सिंह पुत्र दलीप सिंह निवासी गांव नगराना थेहड़ जिला सिरसा, कुलदीप पुत्र अर्जुन सिंह व गुरदीप सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी कंगनपुर सिरसा को काबू कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त ट्रक भी बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना के समय मृतका का पति गुरजीत सिंह तथा उसका दूसरा साथी कंगनपुर निवासी कुलदीप दोनों ट्रक में एक साथ सवार थे, जबकि गिरफ्तार किए गए तीसरे व चौथे आरोपी गुरजंट व गुरदीप सिंह हत्या की साजिश में शामिल थे तथा उन्होंने घटना से पहले रेकी कर सारी जानकारी गुरजीत सिंह को दी थी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है, और जो भी इस घटना में संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मृतका के भाई अंग्रेज सिंह पुत्र हरजीत सिंह निवासी गांव चनेवाला जिला मानसा, पंजाब की शिकायत पर शहर थाना में हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना पर कड़ा संज्ञान लेते हुए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए शहर थाना सिरसा तथा सीआईए स्टाफ की पुलिस टीमों का गठन कर आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। उन्होंने बताया कि शहर थाना प्रभारी दिनकर यादव के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए घटना के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि बीती 13 अप्रैल की अलसुबह गुरजीत सिंह तथा उसके अन्य साथियों ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से स्कूटी सवार कर्मजीत कौर तथा उसकी सहेली प्रियंका दोनों की बेगू रोड गत्ता फैक्ट्री के समीप ट्रक से कुचलकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी गुरजीत सिंह को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि तीन अन्य आरोपीयों को आज अदालत में पेश किया जाएगा।



काबू किए गए आरोपी पुलिस पार्टी के साथ।

# पिस्तौल के बल पर बदमाशों ने नकदी व मोबाइल छीना

सिरसा, 18 अप्रैल (संजय कुमार/भुपिंद्र पन्नीवालिया): शहर से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने चाय व जूस की रेहड़ी पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने पिस्तोल व तेजधार हथियार दातर के बल पर रेहड़ी पर मौजूद बीए फाइल के छात्र से 2400 रुपए की नकदी व बीड़ी सिगरेट के पैकेट लूट लिए और फरार हो गए। सदर थाना सिरसा पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मीरपुर निवासी संदीप कुमार ने बताया कि नेशनल कॉलेज सिरसा में बीए फाइनल ईयर में पढ़ता है। संदीप का कहना है कि उसके बड़े भाई उमाशंकर की डबवाली रोड पर चाय व जूस की रेहड़ी है। बीती रात करीब 9 बजे वह अपने बड़े भाई के पास पहुंचा। इसके बाद उसका भाई किसी काम से घर चला गया और वह रेहड़ी पर काम संभालने लगा। संदीप के अनुसार रात करीब 10 बजे स्कूटी पर सवार तीन युवक रेहड़ी पर आए और उससे बोले कि चाय पिला दोगे क्या। संदीप का कहना है कि जैसे ही उसने चाय बनाने वाले बर्तन में पानी डाला इसी दौरान एक युवक ने पीछे से आकर उस पर पिस्तोल तान दी और दूसरे युवक ने तेजधार हथियार निकाल लिया। इसके बाद तीनों युवकों ने उससे कहा कि जेब में जितने रुपए हैं, निकालकर दे। संदीप का कहना है कि उसकी जेब में 2400 रुपए थे जो डर के मारे उसने बदमाशों को दे दिए। इसके बाद तीनों बदमाश रेहड़ी पर रखे हुए बीड़ी-सिगरेट के पैकेट व उसका मोबाइल छीनकर ले गए। कुछ ही दूरी पर जाकर युवकों ने मोबाइल फेंक दिया।

संदीप का कहना है कि वह दौड़कर गया और अपना मोबाइल सड़क से उठाया। इसके बाद घटना की सूचना बड़े भाई उमाशंकर और पुलिस को दी। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर नितिन कुमार का कहना है कि संदीप के बयान पर अज्ञात युवकों के खिलाफ लूटपाट व शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। जल्द से जल्द युवकों की पहचान कर ली जाएगी।


GRIHUM HOUSING FINANCE

गृहम हाऊसिंग फाइनांस लिमिटेड

(पहले पूनावाला हाऊसिंग फाइनांस लिमिटेड से जाना जाता था)

पंजीकृत कार्यालय : 602, छठी मंज़िल, जीरो वन आईटी पार्क, क्रमांक 79/1, घोड़पदी, मुंडवा रोड, पुणे-411036.
शाखा कार्यालय यूनिट एनके टावर, यूको बैंक के ऊपर, दूसरी मंज़िल, दिल्ली-अंबाला जी.टी.रोड, पानीपत, हरियाणा-132103

ई-नीलामी बिक्री सूचना

सरफेसी एक्ट अधीन सिक्योर्ड अचल एसैट की बिक्री

**सिक्योरिटी इंट्रैस्ट (इनफोर्समैंट) रूल्ज़ 2002 के रूल 8 एवं 9 के साथ पढ़े जाते सिक्योरटाईजेशन एवं रीकंस्ट्रक्शन आफ फाइनैंशियल एसैट्स एवं इनफोर्समैंट आफ सिक्योरिटी इंट्रैस्ट एक्ट 2002 (दी एक्ट) अधीन अचल एसैट्स की बिक्री हेतु ई- नीलामी बिक्री सूचना**

आम जनता एवं विशेष करके कर्ज़दार/सहकर्ज़दार/गिरवीकार (गिरवीकारों)/गारंटर (गारंटरों) को इस द्वारा नोटिस दिया जाता है कि गृहम हाऊसिंग फाइनांस लिमिटेड (पहले पूनावाला हाऊसिंग फाइनांस लिमिटेड से जानी जाती जैसे कि पूनावाला हाऊसिंग फाइनांस लिमिटेड का नाम 17 नवम्बर 2023 से तब्दील होकर गृहम हाऊसिंग फाइनांस लिमिटेड हो गया है) (पहले मैगमा हाऊसिंग फाइनांस लिमिटेड से जानी जाती असल रूप में जी ई मनी हाऊसिंग फाइनांस पब्लिक अनलिमिटेड कम्पनी के नाम से निगमित) (जिसका इसके पश्चात् एक्ट अनुसार "सिक्योर्ड क्रैडिटर" के रूप में संदर्भ लिया जाएगा) के पास गिरवी रखी निम्न दर्शाई अचल सम्पतियां, जिसका कब्ज़ा एक्ट की धारा 13(2) अधीन नोटिस की पालना में सिक्योरिटी इंट्रैस्ट (इनफोर्समैंट) रूल के रूल्ज़ 8 एवं 9 से पढ़े जाते एक्ट की धारा 13(12) अधीन सौंपी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सिक्योर्ड क्रैडिटर के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है।
सिक्योर्ड एसैट की बिक्री 'जैसे है जहां है' 'जैसे है जो है' एवं 'वहां जो भी है' के आधार पर 22.05.2024 को ई-नीलामी द्वारा की जाएगी। आम जनता को इस द्वारा सूचित किया जाता है कि हम वैबसाइट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफार्म द्वारा पब्लिक नीलामी आयोजित कर रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया जीएचएफएल की/सिक्योर्ड क्रैडिटर्ज़ की वैबसाइट www.grihumhousing.com पर उपलब्ध लिंक का संदर्भ लें।

| प्रस्ताव नं. कस्टमर का नाम (ए) | डिमांड नोटिस की तिथि एवं बकाया राशि (बी) | कब्ज़े की किस्म (सी) | प्रापर्टी का विवरण (डी) | आरक्षित कीमत (ई) | ईएमडी (आरक्षित कीमत का 10%) (एफ) | ईएमडी पेश करने की तिथि (जी) | इंक्रीमेंटल बोली (एच) | सम्पत्ति निरीक्षण तिथि एवं समय (आई) | नीलामी की तिथि एवं समय (जे) | जाने जाते अवैध कब्ज़े/कोर्ट केस यदि कोई हो (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऋण नं. HF/0033/H/20/100236 राहुल कुमार गोयल (कर्ज़दार) नेहा गोयल (सह-कर्ज़दार) रजिंदर कुमार (सह-कर्ज़दार) | नोटिस तिथि : 07.10.2023 कुल बकाए : रु. 1583032.06/- (रुपए पंद्रह लाख तिरयासी हज़ार बत्तीस पैसे छः केवल) वसूली तक ब्याज @ 14.00% प्रति वर्ष सहित 07/10/2023 को अदायगी योग्य | सांकेतिक | खसरा नं. 3872/2 वाका पटी इनसार आबादी **प्रकाश नगर** इनसाइड एरिया नगर निगम तहसील कैम्प पानीपत पैमाइश 609 वर्ग फुट सिटी पानीपत, हरियाणा-132103 का सभी अभिन्न भाग। **ईस्ट :** 45 फुट लीना टकियाल का मकान, **वैस्ट :** 45 फुट इन्द्रो देवी का मकान, **नार्थ :** 12 फुट 4 इंच अन्य, **साऊथ :** 12 फुट 4 इंच गली। | रु. 23,75,179/- (रुपए तेईस लाख पचहत्तर हज़ार एक सौ उनासी केवल) | रु. 2,37,517.9/- (रुपए दो लाख सैंतीस हज़ार पांच सौ सतारह केवल) | 21.05.2024 सायं 5.00 बजे से पूर्व | रु. 10,000/- | 15.05.2024 (प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक) | 22.05.2024 (प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक) | निल |

इच्छुक बोलीकारों/खरीदारों को बोलियां पेश करने से पहले इससे संबंधित पुरुष/महिला अपनी तसल्ली एवं अधिकतम चार्जिस, झंझटें एवं कोई भी थर्ड-पार्टी ब्याज का पता लगाएं एवं अपनी स्वयं की पूछताछ करने एवं नीलाम की जानी जायदाद एवं सिक्योर्ड क्रैडिटर शाखा में पधारने की सलाह है। सभी वैधानिक बकाया जैसे कि जायदाद टैक्सेज़, इलैक्ट्रीसिटी/पानी के बकाए एवं किसी अन्य बकाया यदि कोई है जायदाद से जुड़ी हुई राशि का पता लगाया जाना चाहिए एवं सफल बोलीकार द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीकारों को उचित समय में पोर्टल के पास स्वयं को रजिस्टर करना होगा एवं लागिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो नीलामी सर्विस प्रोवाइडर) **सी-1 इंडिया प्राई.लिम. पता: प्लाट नं. 68 तीसरी मंज़िल गुड़गांव हरियाणा 122003, हैल्पलाइन नंबर 7291981124, 25, 26 स्पोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com सम्पर्क : धारानी पी, ईमेल आई.डी. : dharani.p@c1india.com सम्पर्क नं. 9948182222** से ई-बोली हेतु अनिवार्य है। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकार केवल इनसे ई-नीलामी पर आनलाइन ट्रेनिंग का लाभ ले सकते हैं। इच्छुक खरीददारों/बोलीकार को दिनांक 21.05.2024 को या पहले किसी नैशनलाइज़्ड अथवा सूचीबद्ध बैंक पर अदा **'गृहम हाऊसिंग फाइनांस लिम.' बैंक आईसीआईसीआई बैंक लिम. खाता सं. 000651000460 एवं आईएफएससी कोड-ICIC0000006, 20, आर.एन. मुखर्जी रोड-कोलकत्ता-700001** के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के ढंग द्वारा धरोहर राशि जमा (ईएमडी) की राशि पेश करनी होगी एवं अपना नाम **https://www.bankeauctions.com** पर रजिस्टर करें एवं मुफ्त यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करें एवं सर्विस प्रोवाइडर से ई-नीलामी पर सिखलाई प्राप्त करें। वैबसाइट पर अपनी रजिस्ट्रेशन के बाद इच्छुक खरीददार/बोलीकार को ईमेल, अपलोड किए निम्नलिखित दस्तावेज़ों की कापियों को प्राप्त करना होगा एवं **पता : एनके टावर, यूको बैंक के ऊपर, दूसरी मंज़िल, दिल्ली-अंबाला जी.टी. रोड, पानीपत, हरियाणा-132103 मोबाइल नं. +91 9567626050, ईमेल आईडी : rahul.r1@grihumhousing.com** को स्वै तस्दीकशुदा हार्ड कापी भेजनी होगी। नियम व शर्तों पर अन्य विवरणों हेतु कृपया ई-नीलामी में भाग लेने हेतु **https://www.bankeauctions.com** व **www.grihumhousing.com** पर पधारें।

**इस नोटिस को सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इनफोर्समैंट) रूल-2002 के रूल 8 (6) अधीन कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/गिरवीकार (गिरवीकारों)/गारंटर (गारंटरों) को 30 दिनों के नोटिस के रूप में भी माना जाना चाहिए।**

**दिनांक : 19/04/2024, स्थान : पानीपत, हरियाणा** — **अधिकृत अधिकारी गृहम हाऊसिंग फाईनांस लिमिटेड (पहले पूनावाला हाऊसिंग फाईनांस लिमिटेड से जाना जाता था**